Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 15-05-2006

Participants : Chavda Shri Harisinh

>

Title : Need to provide adequate funds for ensuring availability of water for drinking and irrigation purposes in Banskantha Parliamentary Constituency, Gujarat.

श्री हरिसिंह चावड़ा (बनासकांठा) : सभापति जी, मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा में पेयजल का अत्यन्त अभाव है और यह सूखा-ग्रस्त. अत्यन्त पिछड़ा सीमावर्ती इलाका है। यहां भू-जलस्तर भी बहुत ही नीचे चला गया है जिसके कारण लोगों को पानी पीने के लिए तथा सिंचाई व्यवस्था के लिए नहीं मिल पा रहा है। कई गांव में तो केवल सॉल्टी वाटर ही है। यहां पर पेयजल की जो स्कीम चल रही है, वह सफल नहीं हो पा रही है क्योंकि उसमें आवश्यकता के हिसाब से धनराशि नहीं मिल पा रही है जिसके कारण इस क्षेत्र में पानी की किल्लत दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इस क्षेत्र में पेयजल एवं सिंचाई के लिए विशेा व्यवस्था की जानी चाहिए अन्यथा यहां पर स्थिति सुधरने वाली नहीं है। पीने के पानी एवं सिंचाई व्यवस्था यहां दरोई बांध एवं नर्मदा बांध से ही हो सकती है।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकाठा में पेयजल एवं सिंचाई जल की व्यवस्था के लिए कम से कम 500 करोड़ की व्यवस्था अलग से होनी चाहिए जिससे यहां के लोगों को पेयजल एवं सिंचाई जल उपलब्ध हो सके।